बिहार विधान सभा वादवृत्त ।

भारत के संविधान के उपबंध १७४ के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य विवरण ।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में शुक्रवार, तिथि १६ मार्च, १६५६ को ११ बजे पूर्वाह्न में माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ ।

## अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर

## Short Notice Questions and Answers.

### कृषि महाविद्यालय के स्नातकों की नियुक्ति ।

२५५। श्री नवल किशोर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, विकास (कृषि) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि कृषि महाविद्यालय, सबौर के स्नातकों की नियुक्ति सौ रुपये महीने पर होती है;

(२) क्या यह बात सही है कि ब्लौक डेवलपमेंट ऑफिसर की नियुक्तियों में इन कृषि स्नातकों को कोई स्थान नहीं दिया जाता ;

(३) क्या यह बात सही है कि जूनियर रिसर्च असिस्टेंट और सीनियर रिसर्च असिस्टेंट तथा डिमौंसट्रेटर आदि के पद की नियुक्ति में इन्हें तरजीह नहीं दी जाती ;

(४) क्या कृषि स्कूलों में पशुपालन के अध्यापकों को नियुक्तियों में तरजीह नहीं दी जाती जबकि नियुक्त किये जानेवाले वेटेरीनरी कॉलेज के स्नातकों से इनका शिक्षण किसी भाँति भी नीचे स्तर का नहीं है ;

(५) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इसका क्या कारण है और क्या इस दिशा में सरकार सुधार करना चाहती है ?

श्री जगन्नाथ प्रसाद सिंह—ट्रेजरी बेंचेज तो खाली हैं, जवाब कौन देंगे ?

अध्यक्ष—उप-मंत्री देंगे ।

श्री वीरचन्द पटेल—(१) जब उनकी बहाली कृषि निरीक्षक तथा जूनियर रिसर्च सहायक के पदों पर होती है तो उन्हें पहले १०० रु० महावार वेतन दिया जाता है।

(२) उत्तर नकारात्मक है ।

श्री वीरचन्द पटेल—मैं समझता हूं बहाली ऐसे ही व्यक्तियों की हुई होगी जिनके ऊपर कोई चार्ज न रहा हो और रेकर्ड अच्छा हो।

REPAIR OF BUNDH.

**1265. Shri ANKURA HO**: Will the Minister in charge of Development (Agriculture) Department be pleased to state—

(1) whether it is a fact that for the repair of the Gohot Buru Bundh of village Dumuria, P.-S. Majhgaon in the district of Singhbhum, sixteen thousand rupees and odd were sanctioned ;

(2) whether it is a fact that A. D. C., Singhbhum by his order dated the 16th January 1956, made it clear that the work should be entrusted to local Dumuria Gram Panchayat ;

(3) whether it is a fact that Sri Damu Ho, D. A. O. and Shri Ramanand Jha, Subdivisional Agriculture Officer, Sadar, have induced Md. Ishaque, Contractor , Chaibassa, to give a tender for the aforesaid repairs at about twelve thousand rupees ;

(4) whether there was any advertisement for submitting tenders; if so, what was the last date and on which date the tender of Md. Ishaque, Contractor, Chaibassa was received in the office of the District Agriculture Officer at Chaibassa ;

(5) do Government desire to settle up the matter immediately so that the repairing work be started without further delay in order to have it completed before the break of monsoon ?

श्री वीरचन्द पटेल—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) उत्तर नकारात्मक है।

(३) उत्तर नकारात्मक है।

(४) प्रश्न के प्रथम खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है। टेंडर की अन्तिम तिथि १६ जनवरी १९५६ थी और महम्मद इशाक का टेंडर भी उसी तिथि को प्राप्त हुआ था।

(५) ग्राम पंचायत, डुमरिया को ही यह कार्य सौंपा गया है और योजना पर कार्य लगा हुआ है। इस कारण यह प्रश्न नहीं उठता।

बेला ग्राम में स्लूइसगेट की आवश्यकता।

१२६७। श्री राम अयोध्या प्रसाद—क्या मंत्री, विकास (कृषि) विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि चम्पारण जिला के ढाका थानान्तर्गत ग्राम रघुनाथपुर से उत्तर तथा ग्राम बेला से पूरब-दक्षिणएक नाला बहता है ;

(२) क्या यह बात सही है कि इस नाले से ग्राम रघुनाथपुर से उत्तर और पूर्व चौर का पानी तथा बेला ग्राम से पूर्व और दक्षिण चौर का पानी बह कर बाहर निकल जाता है जिसके फलस्वरूप इन दोनों चौरों में पैदा होनेवाली फसलों की काफी क्षति होती है;

(३) यदि खंड (१) तथा (२) के उत्तर अस्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम रघुनाथपुर से उत्तर-पूरब के नाले में तथा ग्राम बेला से दक्षिण-पूरब के नाले में एक-एक स्लूइसगेट लगाने का विचार रखती है, अगर हां, तो कब तक और नहीं, तो क्यों ?

श्री वीरचन्द पटेल—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) इसकी जांच अभी नहीं की गयी है।

(३) अगले बरसात में इन योजनाओं की जांच कराई जायेगी और यदि ये लाभप्रद हुई तो उन्हें कार्यान्वित करने पर सरकार विचार करेगी। इस बीच में माननीय सदस्य के सहायतार्थ यह कह देता हूं कि लाभान्वित किसानों से इनके लिए आवेदन-पत्र स्थानीय कृषि विभाग के पदाधिकारियों के पास दिला दें जिसमें कृषि विभाग इन्हें कार्यान्वित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठावे।

श्री राम अयोध्या प्रसाद—क्या सरकार को मालूम है कि बेला ग्राम के नाले के लघु-सिंचाई अभियंता और थाना सर्किल इंस्पेक्टर ने वहां जाकर इंक्वायरी की ?

श्री वीरचन्द पटेल—हमको इसकी खबर नहीं है। हो सकता है की हो।

श्री राम अयोध्या प्रसाद—मैं सरकार से यह बता देना चाहता हूं कि मैं उनके साथ-साथ वहां गया था और सरकार ने जवाब दिया कि कृषि विभाग से इसकी जांच नहीं हुई।

श्री वीर चन्द पटेल—किया होगा। इसीलिए मैंने कहा कि अगले बरसात में इन योजनाओं की जांच कराई जायेगी और यदि ये लाभान्वित होंगी तो इनको कार्यान्वित करने पर सरकार विचार करेगी। इस बीच में यदि माननीय सदस्य लाभान्वित किसानों से एक दरखास्त स्थानीय कृषि विभाग के अधिकारी को दिलवा देंगे तो आवश्यक कार्य आरम्भ हो जायगा।

## सीरिस ग्राम में सरकारी कृषि फार्म।

१२६९। श्री पदारथ सिंह—क्या मंत्री, विकास (कृषि) विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बारून थाने के सीरिस ग्राम में एक सरकारी कृषि फार्म है;